**वार्षिक मूल्यांकन सत्र 2023–24**
**विषय — हिन्दी**

**Set -A**

**समय - $2\frac{1}{2}$ घण्टे** | **कक्षा - 6 वीं** | **पूर्णांक – 60**

**निर्देश -**

1. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य हैं।
2. सभी प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिये ।

**बहुविकल्पीय प्रश्न (प्रश्न 1-10)**

निर्देश - प्रश्नों को पढ़कर नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए। **प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।**

प्रश्न 1 बाबा भारती रहते थे-

(i) कुटिया में (ii) मन्दिर में, (iii) राजमहल में (iv) बड़े भवन में।

प्रश्न - 2 धन के कोष भरे होने पर भी नहीं है-

(i) लालच (ii) सन्तोष (iii) दया, (iv) श्रृंगार।

प्रश्न-3 में बरस रही हैं-

(i) चिंगारियाँ (ii) बाधाएँ, (iii) शक्तियाँ (iv) बिजलियाँ।

प्रश्न 4 रानी के बचपन की सहेलियाँ थीं-

(i) चाकू, छुरी (ii) तोप, बन्दूक, (iii) बरछी, ढाल (iv) तीर कमान।

प्रश्न 5 धरती में बीज बोता है-

(i) लोहार (ii) जमींदार (iii) किसान, (iv) सफाईकर्मी

प्रश्न 6 रुपये के नए अंतर्राष्ट्रीय प्रतीक की लिपि है-

(i) द्रविड़ (ii) ब्राह्मी (iii) देवनागरी (iv) गुरुमुखी

प्रश्न 7 राष्ट्र के लिए कलंक है-

(i) मलेरिया (ii) कुष्ठ रोग (iii) हैजा (iv) दमा।

प्रश्न 8 केरल का नृत्य है-

(i) कुचीपूड़ी (ii) भरतनाट्यम् (iii) कथकली (iv) भांगड़ा।

प्रश्न 9 दाँत जल्दी टूट जाते हैं क्योंकि वे होते है-

(i) छोटे, (ii) संख्या में अधिक, (iii) कठोर, (iv) कमजोर

प्रश्न 10 सम्राट अकबर के नौ रत्नों में से एक थे-

(i) मोहन (ii) तानसेन (iii) रूपा (iv) अल् धिर् बीी

**लघु उत्तराय (प्रश्न-11-20)**

निर्देश - नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए । प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित है।

प्रश्न 11 कवि के अनुसार हमारा ध्येय क्या है ?

प्रश्न 12 बाबा भारती अपने घोड़े को किस नाम से पुकारते थे?

प्रश्न 13 विशेषण किसे कहते हैं ?

प्रश्न 14 वीरों के पथ में क्या बरस रही हैं?

प्रश्न 15 स्वस्थ रहने के लिए हमें क्या-क्या करना चाहिए ?

प्रश्न 16 कल का काम आज ही क्यों कर लेना चाहिए ?

प्रश्न 17 लक्ष्मीबाई ने बचपन में कौन-कौन से शस्त्रों को चलाना सीख लिया था ?

प्रश्न 18 विज्ञान में रुचि के अलावा डॉ. भाभा की और कौन-कौन सी विशेषताएँ थीं?

प्रश्न 19 आश्रम के कार्य गाँधीजी स्वयं क्यों करते थे ?

प्रश्न 20 प्राचीन समय में सोने और तांबे के सिक्के किस नाम से जाने जाते थे?

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (प्रश्न-21-24)**

**निर्देश-** नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए । प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित है।

**प्रश्न-** 21 बाबा भारती ने खड्गसिंह से घटना को किसी के सामने प्रकटन करने के लिए क्यों कहा?

**प्रश्न** - 22 पृथ्वी पर जल की मात्रा बिल्कुल कम हो जाए तो क्या होगा?

**प्रशन** 23 केरल को भारत का नन्दनवन क्यों कहते हैं ?

**प्रश्न-** 24 गीता को परमात्मा की वाणी क्यों कहा गया है?